CL4

आदेश पत्रक

न्यायालय : उपजिलाधिकारी
मण्डल : अयोध्या जनपद :अयोध्या, तहसील :सोहावल
वाद संख्या :–2912/2022
कंप्यूटरीकृत वाद संख्या :–T202241248022885
माधव सर्वोदय एजूकेशनल एण्ड चैरिटेबल सोसाइटी प्रबन्धक श्रीमती रामलली बनाम उत्तर प्रदेश सरकार
अंतर्गत धारा:–80, अधिनियम:– उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता–2006

निर्णय

प्रस्तुत वाद धारा–80 उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता–2006 के अन्तर्गत वादी माधव सर्वोदय एजूकेशनल एण्ड चैरिटेबल सोसाइटी प्रबन्धक श्रीमती रामलली पत्नी माधव प्रसाद निवासी ग्राम मोकलपुर रानीबाजार परगना मगलसी तहसील सोहावल जनपद अयोध्या द्वारा निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन दिनांक 10.10.2022 को प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुत आवेदन की जॉच तहसीलदार सोहावल द्वारा करके अपनी ऑनलाइन जॉच आख्या दिनांक 11.10.2022 प्रस्तुत की गयी। वाद नियमानुसार पंजीकृत किया गया।

उपरोक्त के सम्बन्ध में तहसील सोहावल द्वारा प्रेषित जॉच आख्या दिनांक 11.10.2022 में माधव सर्वोदय एजूकेशनल एण्ड चैरिटेबल सोसाइटी प्रबन्धक श्रीमती रामलली पत्नी माधव प्रसाद के नाम अंकित गाटा संख्या 328/1.1380हे0 में से सोसाइटी का कुल रक्बा 0.808हे0 भूमि के सम्बन्ध में धारा–80 उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 के अन्तर्गत अकृषिक घोषित किये जाने के हेतु आख्या निम्न् प्रकार है:–

1–धारा–80 उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 के अन्तर्गत तहसीलदार सोहावल द्वारा प्रेषित आख्या निम्नवत् है:–(प्रारूप पत्रावली संलग्न है)

राजस्व ग्राम का नाम–मोकलपुर परगना–मगलसी

ग्राम का नाम	भूमिधर का नाम पिता का नाम व स्थान	खतौनी खाता संख्या	खाते का क्षेत्र0	मा0गु.	गाटा संख्या	क्षेत्र0	विशिष्ट गैर कृषि प्रयोजन के लिए खाता या उसका कोई भाग	विशिष्ट विवरण
1	2	3	4	5	6	7	8	9
मोकलपुर	माधव सर्वोदय एजूकेशनल एण्ड चैरिटेबल सोसाइटी प्रबन्धक श्रीमती रामलली पत्नी माधव प्रसाद निवासी ग्राम मोकलपुर रानीबाजार परगना मगलसी तहसील सोहावल जनपद अयोध्या	328	1.1380हे0	60ख	328	0.808हे0	रक्बा 0.808हे0 पर वाणिज्यिक गतिविधियॉ विद्यमान है। कृषि कार्य में प्रयुक्त नहीं हो रहा है।	चा0सं0

2–आवेदक को नोटिस ऑनलाइन निर्गत की गई।

3–आवेदक का गाटा संख्या 328/1.1380हे0 के आंशिक भाग 0.808हे0 पर वाणिज्यिक गतिविधियॉ विद्यमान है, जिसका सम्बन्ध कृषि बागवानी, मत्स्य पालन व कुक्कुट पालन से नहीं है।

4–आवेदक द्वारा अकृषिक घोषित किये जाने वाली भू–भाग से सम्बन्धित नजरी नक्शा संलग्न किया गया है, जिसका सम्बन्ध कृषि, बागवानी, मत्स्य पालन व कुक्कुट पालन से नहीं है।